महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः—3290/कु0का0/2024 दिनांकः 18/04/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/केंद्राध्यक्ष/केंद्र व्यवस्थापक
समस्त परीक्षा केन्द्र,
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः— सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के ऑनलाइन मॉनिटरिंग के सन्दर्भ में।

महोदय,

अवगत कराना है कि मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 25 अप्रैल, 2024 से प्रारंभ होने वाली सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण संपन्न होने के संदर्भ में विश्वविद्यालय CCTV कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर लगे CCTV की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होनी अनिवार्य है। इस क्रम में सभी केंद्राध्यक्षों/केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने परीक्षा केन्द्र पर लगे CCTV के संबंध में आवश्यक जानकारी दिनांक 21 अप्रैल, 2024 तक गूगल फॉर्म पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। साथ ही विश्वविद्यालय के CCTV मॉनीटरिंग कक्ष से जुड़ने एवं उसके ऑनलाइन सत्यापन के लिए **सभी परीक्षा केंद्र अपने परीक्षा कक्षों एवं कंट्रोल रूम का CCTV दिनांक 22 अप्रैल, 2024 से 24 अप्रैल, 2024 तक दिन में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे के बीच अनिवार्य रूप से ऑन रखेंगे।**

CCTV सम्बन्धी जानकारी हेतु गूगल लिंक निम्नलिखित है—

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSecC7mhaLF1S0noHcvJniW922nMyRL9cgFxheLxEKjDODeLWg/viewform?usp=sf_link

परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र द्वारा CCTV संचालन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश :—

1. परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा कक्षों के CCTV एवं DVR/NVR अनिवार्य रूप से ऑन रहेंगे।
2. परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर एक तकनीकी जानकार की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।
3. सभी CCTV कैमरों के द्वारा स्पष्ट आवाज का होना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में यह माना जाएगा कि परीक्षा केन्द्र नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण परीक्षा की मंशा के विपरीत कार्य कर रहा है।
4. सभी कक्षों में CCTV से कक्ष के ब्लैक बोर्ड एवं सभी परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से स्पष्ट दिखने चाहिए जिससे सभी गतिविधियां ऑनलाइन प्रेक्षित हो सकें। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा केन्द्र पर नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण परीक्षा नहीं समझी जाएगी।
5. परीक्षा केन्द्रों के सभी CCTV कैमरे पूरी परीक्षा अवधि (प्रश्नपत्रों का खोलना, उत्तर पुस्तिका वितरण, परीक्षा का संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं का कक्ष से संकलन एवं कंट्रोल रूम में पैकिंग) के दौरान ऑनलाइन रहेंगे।
6. परीक्षा केन्द्र अपने केन्द्र पर संचालित सभी परीक्षा कक्षों की CCTV रिकॉर्डिंग संरक्षित (स्टोर) रखेंगे और विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी कक्ष/केंद्र की CCTV रिकॉर्डिंग मंगाई जा सकती है जिसे परीक्षा केन्द्रों द्वारा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

भवदीय

18.04.24

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

Chand

प्रतिलिपिः—

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।

कुलसचिव